पत्रांकः-भवन/स्था0-04/विविध-15/2026.......4423(अ)

## बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

**अवधेश नन्दन सिन्हा,**
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

**सभी अधीक्षण अभियंता,**
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः- 15/5/26

**विषयः-** "बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023" (यथासंशोधित) के आलोक में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु रिक्तियाँ भेजने के संबंध में।

**प्रसंगः-** सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक-7641 दिनांक-30.04.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति अनुलग्नकों सहित संलग्न करते हुए कहना है कि "बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023" (यथासंशोधित) के आलोक में सरकारी सेवा में गैर तकनीकी पदों पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु सभी विभागों/कार्यालयों से रिक्त पदों से संबंधित विवरणी उपलब्ध कराने के निदेश दिये गये हैं। विदित हो कि "बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023" के नियम-6(i) के अनुसार "चयनित खेल विधा में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति असैनिक संवर्ग में सीधी भर्त्ती हेतु (प्रोन्नति हेतु आरक्षित पदों को छेड़कर) उपलब्ध मूल कोटि के कुल बल के 10% के अंतर्गत होगी।"

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि आपके कार्यालय एवं अधीनस्थ प्रमंडलों में 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक खिलाड़ी कोटा हेतु आरक्षित पद बल, खिलाड़ी कोटे से नियुक्त कर्मियों की अद्यतन संख्या एवं खिलाड़ी कोटे के रिक्त पदों की संख्या से संबंधित विवरणी संलग्न विहित प्रपत्र-। में 03 दिनों के अंदर **विभागीय ई-मेल अथवा BCD S.E व्हाट्सेप ग्रुप** के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

अनु0:-यथोक्त।

विश्वासभाजन,

ह0/- 15.05.26.

(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।

पत्रांकः–26 / नि0–01–03 / 2026, सा0प्र0 ....7641.... /

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

सिद्धेश्वर चौधरी,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
सभी विभागाध्यक्ष,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी जिला पदाधिकारी,

पटना–15, दिनांक–..30.. / ..4.. / 2026

विषयः– **"बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023" (यथासंशोधित) के आलोक में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु रिक्तियाँ भेजने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि "बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 **(यथासंशोधित)**" के आलोक में सरकारी सेवा में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु वर्ष 2026 के लिए विज्ञापन प्रकाशित की जानी है, जिसके लिये सभी विभागों / कार्यालयों में उपलब्ध रिक्त पदों की आवश्यकता है।

2. "बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति **(द्वितीय संशोधन)**" नियमावली, 2025 के नियम–2(क)(ii) के अनुसार निम्नांकित ग्रेड–पे / वेतन स्तर हेतु रिक्त पदों की सूचना उपलब्ध कराया जाना आवश्यक हैः–

| क्र० सं० | पे–बैंड / स्केल का नाम | वेतन स्तर |
|---|---|---|
| (i) | पीबी–II(9300–34800) ग्रेड पे–5400 | 9 |
| (ii) | पीबी–II(9300–34800) ग्रेड पे–4600 | 7 |
| (iii) | पीबी–II(9300–34800) ग्रेड पे–4200 | 6 |
| (iv) | पीबी–I(5200–20200) ग्रेड पे–1800 / 1900 / 2000 | 1 / 2 / 3 |

3. बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 के नियम–6(i) एवं (ii) में निम्नांकित प्रावधान किया गया हैः–

"नियम–6(i) चयनित खेल विधा में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति असैनिक संवर्ग में सीधी भर्ती हेतु (प्रोन्नति हेतु आरक्षित पदों को छोड़कर) उपलब्ध मूल कोटि के कुल बल के

**कृ0पृ0उ0**

D:\Amit 2025\Vacancy 2025\V DRAFT 2024.docx

10 प्रतिशत के अंतर्गत होगी। सिपाही संवर्ग एवं पुलिस अवर निरीक्षक संवर्ग में सीधी नियुक्ति हेतु आगामी प्रत्येक रिक्त पदों में एक प्रतिशत पद खिलाड़ियों के लिए खेल कोटा के रूप में आरक्षित रहेगा। पुलिस उपाधीक्षक के लिये स्वीकृत बल का दस प्रतिशत पद आरक्षित रहेगा।

नियम–6(ii) चयनित खिलाड़ी आरक्षण की दृष्टि से जिस कोटि से संबंधित होंगे, उनकी गिनती उसी आरक्षण कोटि में की जायेगी, अर्थात् आरक्षित कोटि के चयनित खिलाड़ियों की गणना संगत आरक्षित कोटि के विरुद्ध तथा गैर आरक्षित वर्ग के खिलाड़ियों की गणना गैर आरक्षित वर्ग में की जायेगी।"

अतः अनुरोध है कि उक्त वर्णित नियमों के आलोक में कंडिका–02 में अंकित ग्रेड पे/ वेतनस्तर में असैनिक संवर्ग (तकनीकी पदो को छोड़कर) के सभी पदों के कुल बल (मूल कोटि) के 10 प्रतिशत के अंतर्गत, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक रिक्त पदों की अद्यतन सूचना प्रशासी विभाग अपने अधीनस्थ/संलग्न कार्यालयों से प्राप्त कर विहित प्रपत्र–I (प्रति संलग्न) में समेकित रूप से सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को अविलंब उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नकः– विहित प्रपत्र–I**

विश्वासभाजन,

30/4/2026

**(सिद्धेश्वर चौधरी)**
सरकार के अवर सचिव।

D:\Amit 2025\Vacancy 2025\V DRAFT 2024.docx

## विहित प्रपत्र–।

बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली, 2023 (यथासंशोधित) के आलोक में गैर तकनीकी पदों की रिक्तियां प्रेषित किये जाने हेतु विहित प्रपत्र (तकनीकी/विषय विशेष योग्यता वाले पद को छोड़कर):–

अंचल का नामः–

नियुक्ति प्राधिकारः–

| क्र० सं० | ग्रेड–पे/वेतन स्तर | सेवा संवर्ग का नाम/पदनाम/नियुक्त हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता (तकनीकी/विषय विशेष योग्यता वाले पद को छोड़कर) | संवर्ग की मूल कोटि का कुल स्वीकृत पद बल | प्रोन्नति हेतु आरक्षित पदों की संख्या | प्रोन्नति हेतु आरक्षित पदों को घटाने के उपरांत शेष स्वीकृत पद (4–5) | खिलाड़ी कोटि हेतु आरक्षित पद बल (कुल स्वीकृत पद में प्रोन्नति के स्वीकृत पद को घटाने के उपरांत शेष स्वीकृत पद का 10 प्रतिशत पूर्णांक मे) | संवर्ग के मूल कोटि में खिलाड़ी कोटे से नियुक्त कर्मियों की अद्यतन संख्या | खिलाड़ी कोटे के लिए शेष रिक्त पदों की अद्यतन संख्या (7–8) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| | कुल | | | | | | | | |

अधीक्षण अभियंता का हस्ताक्षर
एवं मुहर सहित